नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''
# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर
7897475917, 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com
स्थापित २००५ ई.

पत्रांक...............................

दिनांक : 09.10.2020

## प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज जंगल धूसड़ गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में कोविड–19 एक वैश्विक महामारी विषय पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कोविड–19 वायरस ने पूरी दुनिया में मानव जीवन के विनाश की एक ऐसी लहर पैदा कर दी है जिसे रोक पाने में सभी शक्तिशाली देशों की हालत खराब हो गई है। चीन के वुहान शहर से शुरु हुआ यह वायरस आज 200 देशों को अपनी चपेट में ले चुका है न तो इसकी वैक्सीन मौजूद है और न ही किसी तरह का कोई ठोस इलाज जिससे इस कोरोना वायरस से तुरंत छुटकारा पाया जा सके। अगर इससे बचने का कोई तरीका है तो वह है सिर्फ सावधानी।

इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय सेवा योजना के दोनों इकाईयों के लगभग 15 स्वयं सेवक, सेविकाओं ने भाग लिया। इस प्रकार की प्रतियोगिता से स्वयं सेवक एवं सेविकाओं में सामाजिक सजगता, जगरुक्ता, सामाजिक चेतना आदि जैसे व्यक्तिगत गुणों का विकास होता है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुश्री चाँदनी प्रजापति बी.ए. तृतीय वर्ष को तथा द्वितीय स्थान श्री सुधीर सिंह बी.ए. द्वितीय वर्ष को प्राप्त हुआ। निर्णायक मण्डल में हिन्दी विभाग की प्रवक्ता डॉ. सुधा शुक्ला एवं बी.एड्. विभाग की प्रवक्ता डॉ. अनुभा श्रीवास्तव रहीं।

प्रतियोगिता के बाद महाविद्यालय के शिक्षक एवं स्वयं सेवक और स्वयं सेविकाओं ने यह शपथ लिया कि मैं इस घातक वायरस के प्रसार को रोकने सम्बन्धित सभी आवश्यक सावधानियाँ बरतने का वचन देती/देता हूँ। मैं कोविड–19 से जुड़े आचार व्याहार का अनुसरण करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रोत्साहित करने का भी वचन देती/देता हूँ। मैं सदैव मास्क/फेस्क कवर पहनूंगी/पहनूंगा, विशेषकर सार्वजनिक स्थलों पर। मैं दूसरों से कम से कम 2 गज की दूरी बनाकर रखूंगी/रखूंगा। मैं अपने हाथों को नियमित रुप से और और अच्छी तरह साबुन और पानी से धोऊंगी/धोऊंगा। ''हम एक साथ मिलकर कोविड–19 के खिलाफ इस लड़ाई को जीतेंगे''।

इस कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती साधना सिंह ने किया।

**कार्यक्रम अधिकारी**

**राष्ट्रीय सेवा योजना**